# 01.04.2021 से 31.03.2022 के दौरान राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ

***अनुवाद कार्य***

पाठ्यक्रम अभिलेख, प्रदत्त उपाधियों का अभिलेख, अनंतिम प्रमाण पत्र, उपाधि प्रमाण पत्र तथा अन्य सभी प्रकार के प्रमाण-पत्र जैसे प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र / योग्यता प्रमाण पत्र आदि हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में ही तैयार, मुद्रित और जारी किए गए। संस्थान पुस्तिका, वार्षिक रिपोर्ट 2020-2021 हिंदी में मुद्रित की। प्रशासनिक तथा अन्य विभागों में प्रयोग किए जाने वाले मानक प्रपत्रों का द्विभाषीकरण किया गया। परिचय कार्ड, नामपट्ट तथा रबड़ की मुहरें द्विभाषी रुप में तैयार की गईं।

***हिंदी कार्यशालाएं***

आईआईएसटी, वलियमला में चार हिंदी कार्यशालाएं – कार्यपालकों के लिए **जून 16, 2021** को, संकाय सदस्यों के लिए **सितंबर 30, 2021** को, प्रशासनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए **दिसंबर 29, 2021** को तथा तकनीकी क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए **मार्च 03, 2022** को आयोजित कीं।

***राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें***

आईआईएसटी, वलियमला में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार तिमाही बैठक **25.06.2021, 29.09.2021, 27.12.2021 एवं 30.03.2022** को ऑनलाइन रूप से आयोजित कीं और संस्थान में हिंदी के प्रभागी प्रयोग से संबंधित चार तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग को भेज दी। इन बैठकों में राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने पर जोर दी गई और इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्णय लिए गए ।

***सेवाकालीन हिंदी प्रशिक्षण***

हिंदी भाषा प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों में से **जुलाई – नवंबर** 2021 सत्र में **प्रबोध के लिए** 5 एवं **प्रवीण के लिए 8** अधिकारियों को **और जनवरी – मई** 2022 सत्र में **प्रबोध के लिए** 4**, प्रवीण के लिए** 5 अधिकारियों को नियमित पाठ्यक्रम में पंजीकृत किया। नवंबर 2021 में हिंदी शिक्षण योजना द्वारा आयोजित हिंदी **प्रवीण** परीक्षा में उत्तीर्ण संकाय सदस्यों को 15 अगस्त, 2022 को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

***जाँच बिंदुओं की स्थापना***

राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976 और राजभाषा विभाग द्वारा समय समय पर जारी किए जाने वाले संबंधित आदशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जाँच बिंदु पुनः स्थापित किए गए।

***प्रोत्साहन योजना***

हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन योजना जारी रखी गई।

***हिंदी पखवाड़ा समारोह 2021 का आयोजन***

हिंदी पखवाड़ा समारोह संस्थान में सितंबर महीने के दूसरे सप्ताह से मनाया गया। कर्मचारियों के लिए तस्वीर क्या बोलती है, सरल अनुवाद एवं हिंदी टंकण प्रतियोगिताएं और संस्थान के छात्रों के लिए तस्वीर क्या बोलती है हिंदी भाषण, हिंदी कविता रचना जैसी विविध प्रतियोगिताएं चलाई गईं। इन सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान कोविड – 19 से संबंधित दिशा निर्देशों का पालन किया गया। प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतिदिन हिंदी भाषा के संबंध में **प्रमुख हस्तियों की सूक्तियों** में से एक वेब मेल से प्रदर्शित की गई। राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए हिंदी गांधी और गुलामी नामक हिंदी वृत्त चित्र माइक्रोसॉफ्ट टीम्स में दो भागों में प्रदर्शित किया गया।

***आईआईएसटी हिंदी गृह पत्रिका 'अंतरिक्ष धाराएं' – चौथा अंक का ऑनलाइन विमोचन***

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान आईआईएसटी की हिंदी गृह पत्रिका **अंतरिक्ष धाराएं**' के चौथे अंक का विमोचन किया गया। पत्रिका में आईआईएसटी के छात्रों एवं कार्मिकों के लेख, कविताएं तथा अंतरिक्ष विभाग / इसरो के इतर केंद्रों / यूनिटों के कर्मचारियों से तकनीकी लेख और विविधता से भरे रोचक कृतियों का समावेश किया गया है ।

***आईआईएसटी न्यूज़ लेटर***

संस्थान के छमाही न्यूज़ लेटर आंशिक रूप से द्विभाषी है। इसमें संस्थान की राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ हिंदी में प्रकाशित की जाती हैं।

***संस्थान को राजभाषा अधिनियम 1976 के नियम 10 (4) के अधीन हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कार्यालय के रूप में अधिसूचित किया जाना***

संस्थान में हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों की प्रतिशतता 80 के ऊपर है। संस्थान को राजभाषा अधिनियम 1976 के नियम 10 (4) के अधीन हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कार्यालय के रूप में अधिसूचित किया गया है। अत: हिंदी में **प्रवीणता प्राप्त चार** अधिकारियों को **निदेशक के हस्ताक्षर से व्यक्तिगत आदेश** भेजे गए हैं कि वे अपने आधिकारिक कार्यों में हिंदी का प्रयोग करें ।

***अनुभागों को अपना पूरा काम हिंदी में करने के लिए अधिसूचित करना***

संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम और आईआईएसटी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 41 वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आईआईएसटी के निम्नलिखित तीन अनुभागों को अपना पूरा कार्य हिंदी में करने हेतु निर्दिष्ट किया गया है। वे हैं i) सामान्य प्रशासन ii) स्थापना अनुभाग iii) समीक्षा अनुभाग।

***तकनीकी हिंदी संगोष्ठी में भागीदारी***

10 -11 फरवरी 2022 को वीएसएससी द्वारा "भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अनुप्रयोगों की भावी दिशाएं" (तकनीकी विषय) पर आयोजित अंतर – केंद्र हिंदी तकनीकी संगोष्ठी में संस्थान के दो तकनीकी अधिकारियों द्वारा लेख प्रस्तुत किए गए।

***हिंदी वार्तालाप कक्षा का आयोजन***
तकनीकी क्षेत्र के कार्मिकों के लिए **मार्च 02, 2022** को हिंदी वार्तालाप कक्षा का (मौखिक हिंदी) संचालन किया गया। श्री. आर. जयपाल भूतपूर्व वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, आईआईएसटी ने सत्र का संचालन किया ।

***वार्षिक निरीक्षण***
वर्ष 2020-2021 के निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार वरिष्ठ प्रधान, कार्मिक व सामान्य प्रशासन, इसरो मुख्यालय द्वारा आईआईएसटी का निरीक्षण नवंबर 25, 2021 को ऑनलाइन माध्यम से किया गया और कुछ सुझाव भी दिए गए, जिनपर यथावश्यक कार्रवाई कर अनुपालन रिपोर्ट अवलोकनार्थ अनुबंध में संलग्न है। साथ ही संस्थान के कुलसचिव को सौंपे गए केंद्र का निरीक्षण कार्य भी समय पर संपन्न किया गया।

***नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) द्वारा आयोजित संयुक्त राजभाषा उत्सव में भागीदारी***
आईआईएसटी, वलियमला, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय – 2), तिरुवनंतपुरम के सदस्य कार्यालय है और इनके क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से भाग लेता है। इसके तत्वावधान में आयोजित **संयुक्त राजभाषा उत्सव 2021-22** में संस्थान के कर्मचारियों ने ऑनलाइन रूप से भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किया। दिनांक 5.10.2021 को नराकास के वर्ष 2021-22 की पहकी बैठक में आईआईएसटी द्वारा कार्यालय की राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ एवं सामान्य कार्यचालन पर पावर पॉइंट प्रस्तुती दी गई ।

**वर्ष 2021-2022 के दौरान किए गए इतर कार्य**
- संस्थान के सहायक निदेशक (रा. भा) ने आईआईएसटी तिरुवनंतपुरम केंद्र में **हिंदी शिक्षण योजना की प्रबोध एवं प्रवीण परीक्षा नवंबर** 2021 का संचालन किया।
- **स्नातक प्रवेश** 2021 **ब्राउशर** का हिंदी रूप तैयार किया गया।
- आईआईएसटी **वेबसाईट** में हिंदी सामग्री अपलोड की गईं।
- **स्वतंत्रता दिवस** के उपलक्ष्य में संस्थान में अलग अलग प्रवर्गों में हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।
- **राष्ट्रीय एकता दिवस** के उपलक्ष्य में संस्थान में हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**नराकास राजभाषा पुरस्कार योजना वर्ष** 2020 -2021 **के अधीन पुरस्कार**
- राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए नराकास राजभाषा पुरस्कार (श्रेणी – 3 ) में आईआईएसटी को **तीसरा पुरस्कार**
- उत्कृष्ट हिंदी पत्रिकाओं के लिए नराकास राजभाषा पुरस्कार - आईआईएसटी की **हिंदी पत्रिका '*अंतरिक्ष धाराएं*' को दूसरा पुरस्कार**